<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**13 मई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- सीबीआई ने कथित नीट परीक्षा पेपर लीक के संबंध में दर्ज किया मामला। देशभर से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।
- पेपर लीक के आरोपों के कारण तीन मई को आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा रद्द। अलग से अधिसूचित की जाएगी नई परीक्षा तिथि।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक कर ईंधन की बचत और संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील से जुड़ने की पहल की। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की फ्लीट में पचास प्रतिशत कटौती सहित दिये कई अहम निर्देश।
- मौसम विभाग ने कल से मौसम साफ होने की संभावना जतायी। आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने के संकेत।

**********

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो– सी.बी.आई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी दो हजार छब्बीस के कथित पेपर लीक के संबंध में मामला दर्ज किया है। इस प्रकरण में देशभर से कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच एजेंसी ने उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। नीट–यूजी परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के संबंध में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, चोरी और साक्ष्य नष्ट करने तथा सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम दो हजार चौबीस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच के लिए विशेष सीबीआई टीमें विभिन्न स्थानों पर भेजी गई हैं।

इससे पहले, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने मेडिकल शिक्षा में प्रवेश के लिए तीन मई को आयोजित नीट–यूजी दो हजार छब्बीस परीक्षा रद्द कर दी। एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि एजेंसी विद्यार्थियों को नीट–यूजी परीक्षा शुल्क वापस कर देगी।

**हमने इस मैटर को सीबीआई को इंक्वायरी को दिया है और हम इस तरह के जितने लोग खुराफात किए हैं, उनको जेल भेजेंगे। ताकि बच्चों का भविष्य किसी भी प्रकार से एडवसरी प्रभावित न हो। इसके साथ ही हमने यह भी कहा कि हम बच्चों के लिए दोबारा परीक्षा कराएंगे, जोकि एकदम फेयर तरीके से होगी, जिसमें किसी भी तरह की अनियमितता नहीं होगी।**

इस बीच, एनटीए ने स्पष्ट किया है कि दोबारा परीक्षा के लिए फिर से पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी। एक रिपोर्ट–

**एन.टी.ए. ने कहा है कि परीक्षा के लिए नई तिथि अलग से अधिसूचित की जाएगी। पंजीकरण विवरण, उम्मीदवार की जानकारी और मई 2026 के लिए चयनित परीक्षा केन्द्र अपरिवर्तित रहेंगे और दोबारा होने वाली परीक्षा में उपयोग किये जाएंगे। एजेंसी ने कहा है कि दोबारा परीक्षा के लिए फिर पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। समाचार कक्ष से सुशील चंद्र तिवारी।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने देश भर के न्यायालयों के आधुनिकीकरण का खाका तैयार करने के लिए न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने की घोषणा की है। इसके लिए सरकार से चालीस से पचास हजार करोड़ रुपये का आवंटन सुनिश्चित करने को कहा गया है। समिति इकतीस अगस्त तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल को विस्तृत निष्कर्ष और आवश्यक निधि का विवरण प्रस्तुत करेगी।

**********

महोबा जिले में समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप की शिकायत के बाद महोबा कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई और मामले की जांच जारी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब लोधी ने कथित तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की उस अपील पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने लोगों से सोना न खरीदने का आग्रह किया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में ईंधन की बचत और संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान से जुड़ने की अपील के साथ ही कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट–

**राज्य सरकार की तैयारियों के संबंध में कल अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वंय और मंत्रियों की फ्लीट में तत्काल पचास प्रतिशत तक कटौती करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अनावश्यक वाहनों को हटाया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी जिम्मेदारी निभाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सरकारी कार्यों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक उपयोग किया जाए और सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाया जाए। साथ ही, मंत्री, सांसद और विधायक भी सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। श्री योगी ने कहा कि सरकारी बैठकों, सेमिनारों और कार्यशालाओं का अधिक से अधिक आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया जाए, जिससे अनावश्यक यात्रा और ईंधन की खपत कम हो सके। इसके अलावा उन्होंने वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी अपील की है कि वे मेट्रो, बस, साइकिलिंग और कार पूलिंग जैसे विकल्प अपनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सभी को सतर्क और जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की आवश्यकता है। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कल गोरखपुर में संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, निजी आईटीआई संचालकों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने युवाओं को रोजगार परक और भविष्य आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि कौशल विकास संस्थान आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला हैं।

**********

आगरा जिले के कमला नगर थाना क्षेत्र में कल यमुना नदी में नहाने के दौरान छह बच्चे डूब गए। पीएसी और गोताखोरों की रेस्क्यू टीम ने बच्चों को नदी से बाहर निकाल लिया। सभी बच्चों को गंभीर हालत में एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उपचार के दौरान चार बच्चों की मौत हो गई। अंतिम समाचार मिलने तक दो बच्चों का उपचार जारी था। पुलिस उपायुक्त नगर सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि सभी बच्चे एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आगरा आये थे।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज भी कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने पूर्वी जिलों में कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच, प्रदेश के पश्चिमी जिलों में कल हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मुरादाबाद, रामपुर, बदायूं और आसपास के जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। एक रिपोर्ट–

**बदायूं जिले में जमकर बारिश हुई। जिस कारण जगह जगह पेड़ टूटने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। जिले के कई इलाकों में अचानक घने बादलों के साथ आई तेज आंधी से जहां पेड़ टूटकर गिर गए वहीं तेज बारिश से मौसम सुहावना हो गया। साथ ही बारिश को देखते हुए किसानों ने भी खेतों की जुताई शुरू कर दी है। मौसम के लगातार करवट बदलने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। मोहम्मद नईम, आकाशवाणी समाचार बदायूं।**

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की है।

**आने वाले दिनों में अगर लखनऊ की बात करें तो मौसम साफ रहेगा और दिन में धूप खिलेगी, लेकिन तापमान ऐसा कोई एक्सट्रीम लेवेल तक का नहीं पहुंचेगा। हालांकि तापमान में यहां धीरे–धीरे बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम आने वाले दिनों के लिए पूरी तरीके से साफ है। अब यहां से धीरे–धीरे तापमान में हल्की–हल्की आने वाले दिनों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।**

**********

गोरखपुर के रामगढ़ताल में आज से अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग का शुभारंभ होगा। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में मेजबान यूपी और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों की सोलह टीमों के दौ सौ पचहत्तर खिलाड़ी शामिल होंगे।

**********